**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Request to establish a software technology park in Gopalganj, Bihar.

**डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज)**: माननीय अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, इस सदन के माध्यम से मैं सरकार का ध्यान सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स की स्थापना करने की ओर आकर्षित कर रहा हूं । वर्तमान में पूरे देश में 60 सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क सेन्टर्स की स्थापना की गई है । सूचना प्रौद्योगिकी की सहायता से सर्विसेज को बढ़ावा मिलता है । जहां तक ग्रामीण क्षेत्रों में हाई स्पीड डेटा की बात है तो पूरे बिहार में आई.टी. के अभी 34,495 कॉमन सर्विस सेन्टर्स फंक्शनल हैं, जिनमें 29,684 कॉमन सर्विस सेन्टर्स ग्राम पंचायतों में हैं । इन सबको हाई स्पीड नेटवर्क से चलाने के लिए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स की बिहार में बहुत आवश्यकता है ।

महोदय, अत: आपके माध्यम से मैं माननीय संचार, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि बिहार एवं मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क सेन्टर्स की स्थापना की जाए, जिससे कि हजारों युवाओं को रोजगार मिल सके ।